दिन– शुक्रवार दिनांक– 28/06/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. नीट मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित। राज्यसभा में भी जारी रहा गतिरोध।

02. केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा– नीट पेपर लीक मामले में दोषियों के खिलाफ सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी।

03. बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यापक नियुक्ति के तीसरे चरण की परीक्षा उन्नीस से बाईस जुलाई के बीच आयोजित की जायेगी।

04. और, मॉनसून की सक्रियता से राज्य के अधिकांश हिस्सों में हो रही है बारिश। अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना।

---

मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा –नीट मुद्दे पर चर्चा को लेकर विपक्षी दलों की मांग के बीच लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। आज लोकसभा में जब सदन की बैठक शुरू हुई, तो अध्यक्ष ओम बिडला ने इस मुद्दे पर विपक्षी दलों द्वारा दिए गए स्थगन नोटिस को अस्वीकार कर दिया। विपक्षी दलों में कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, समाजवादी पार्टी और अन्य शामिल थे। विपक्ष ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया और सदन में इस पर चर्चा की मांग की। अध्यक्ष ओम बिडला ने कहा, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान अन्य चर्चा की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा, विपक्षी दलों के सदस्य धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान अपने मुद्दे उठा सकते हैं। श्री बिडला ने कहा कि सरकार चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों के सभी मुद्दों का जवाब दे सकती है। नीट मुद्दे पर चर्चा की विपक्ष की मांग को खारिज करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा निर्धारित होने की अवधि के दौरान किसी भी चर्चा की अनुमति देने की परंपरा नहीं रही है। संसद से बाहर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष को सदन के नियमों का पालन करना होगा।

–––बाईट–––

पीमए के मुताबिक राष्ट्रपति जी का आश्वासन के बाद पूरा सदन धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करते है। लेकिन कांग्रेस पार्टी की ओर से आज ऐसा मुद्दा उठाया जो संसद की गरिमा के लिए बिल्कुल ठीक नहीं है। कांग्रेस पार्टी के नेता ने ये कहा

कि धन्यवाद प्रस्ताव पे चर्चा ना करके दूसरे विषय पर चर्चा किया जाए। ऐसा नियम बिल्कुल नहीं होता है, भारत के संसदीय इतिहास में, कभी भी ऐसा नहीं हुआ।

इस बीच, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि वे विद्यार्थियों को संदेश देना चाहते हैं कि यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और इस पर चर्चा होनी चाहिए।

———बाईट———

हिंदुस्तान के जो स्टूडेंट्स है उनको हम जॉइन मैसेज देना चाहते थे ऑपोजिशंस और सरकार के साइड से की इस मुद्दे को हम जरूरी मानते हैं और इसीलिए हमने सोचा था कि आज स्टूडेंट्स की रिस्पेक्ट करने के लिए हम नीट पर डिस्कशन करें।

इधर, आज राज्यसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संसद की संयुक्त बैठक के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इस पर चर्चा के लिए इक्कीस घंटे आवंटित किए गए हैं। चर्चा के दौरान नीट परीक्षा मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा जारी रहा। चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सरकार की पिछले दस साल की उलब्धियां गिनाई। पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस नेता एच.डी देवेगौड़ा ने कहा कि जांच पूरी हुए बिना जिम्मेदारी तय नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि सरकार पहले ही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो जांच के आदेश दे चुकी है और सभी को रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए।

————————————————————————

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नीट परीक्षार्थियों को आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर संवेदनशील है। श्री प्रधान ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को आश्वासन दिया कि सभी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

———बाईट———

————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए में सुधारों की सिफारिश के लिए शिक्षा मंत्रालय की ओर से गठित विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति ने छात्रों और अभिभावकों से सुधार और पुनर्गठन पर सुझाव मांगे हैं। समिति का नेतृत्व इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर के. राधाकृष्णन कर रहे हैं। समिति mygov वेबसाइट के माध्यम से सात जुलाई तक सुझाव और प्रतिक्रियाएं स्वीकार करेगी। समिति को दो महीने के भीतर शिक्षा मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है, जिसमें परीक्षा प्रक्रिया और डेटा सुरक्षा प्रणाली में सुधार तथा एनटीए की संरचना और कार्यशैली पर सिफारिशें की जाएंगी।

————————————————————————

नीट पेपर लीक मामले में केन्द्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई ने झारंखड के हजारीबाग से दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें ओएसिस स्कूल का प्रिंसिपल एहसानुल हक और वाइस प्रिंसिपल शामिल है। सीबीआई गिरफ्तार आरोपियों को लेकर पटना आ रही है। जहां इनसे पूछताछ की जायेगी। वहीं, सीबीआई पूर्व में गिरफ्तार आरोपी चिन्टू और मुकेश को लेकर, उसके दोस्त रॉकी के घर कंकड़बाग पहुंची। नवादा निवासी रॉकी रांची में रेस्त्रां चलाता है, उसी ने चिन्टू के माध्यम से नीट का पेपर सप्लाई कराया था। गौरतलब है कि चिन्टू की देवघर में गिरफ्तारी के बाद रॉकी फरार हो गया था। इधर, सीबीआई नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार तेरह अभियुक्तों से कल से पूछताछ शुरू करेगी।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने अध्यापक नियुक्ति के तीसरे चरण की परीक्षा की तारीखों को घोषणा कर दी है। आयोग की ओर से जारी सूचना के अनुसार यह परीक्षा उन्नीस से बाईस जुलाई के बीच आयोजित की जायेगी। गौरतलब है कि तीसरे चरण की मार्च महीने में आयोजित परीक्षा के दौरान पेपर लीक के कारण परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट पर परीक्षा की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

———————————————————————————

जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कल नई दिल्ली में आयोजित की गयी है। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। इसमें पार्टी के विस्तार, आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर रणनीति और कई अहम पदों पर नेताओं को खास जिम्मेदारी देने जैसे मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

———————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–पूर्व और दक्षिण–मध्य भागों के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम चम्पारण जिले के लौरिया नंदनगढ़ में सबसे अधिक तिरेपन दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, किशनगंज के पौठिया में छियालीस दशमलव दो और पटना में बयालीस दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश जिलों में तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

———बाईट———

इधर, मौसम विभाग ने तीस जनू को सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार, भागलपुर, पूर्वी और पश्चिमी चम्पारण जिले के कुछ स्थानों में बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते प्रदेश की नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। गंगा, कोसी, महानंदा, बागमती, कमलाबलान और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसके अलावा कई छोटी नदियों के जलस्तर में भी वृद्धि हुयी है। पूर्वी चंपारण में लालबकैया नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से फुलवरिया घाट पर बना डायवर्जन बह गया। इससे पूर्वी चंपारण और सीतामढ़ी जिले के बीच आवागमन प्रभावित हुआ है। इधर, सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर में भरथी गांव के पास बागमती नदी की मुख्यधारा पर निर्मित चचरी पुल पानी के दवाब से बह गया। मुजफ्फरपुर के औराई में बागमती नदी उफान पर है। नदी की दक्षिणी उपधारा में मधुबन घाट पर बना चचरी पुल क्षतिग्रस्त हो गया। इधर, अररिया जिले के सिकटी,जोगबनी और पलासी में परमान, नूना, बकरा और रतवा नदी में उफान में कमी और जल – स्तर स्थिर होने से निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा कम हो गया है। हालांकि धर्मगंज–बेलगच्छी सड़क मार्ग पर दो फीट से अधिक पानी बहने पर आवागमन प्रभावित हुआ है।

———————————————————————

जम्मू–कश्मीर में प्रसिद्ध अमरनाथ यात्रा कल से शुरू हो रही है। जम्मू के बेस कैंप से चार हजार छह सौ तीन तीर्थयात्रियों का पहला जत्था आज कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना हुआ। यह यात्रा उन्नीस अगस्त तक चलेगी। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

श्री अमरनाथ जी की सालाना यात्रा जो कि कल 29 जून को शुरू हो रही है उससे एक दिन पहले आज सुबह जम्मू के यात्री निवास भगवती नगर आधार शिविर से रवाना 4603 श्रद्धालुओं का पहला जत्था कश्मीर घाटी में प्रवेश कर चुका है। नवरंग सुरंग पार करने के बाद घाटी में प्रवेश करते ही इनका जोरदार स्वागत किया गया। जय भोलेनाथ और बम बम भोले के जय घोष के साथ श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस जत्थे में 3632 पुरुष 711 महिलाएं 9 बच्चे 237 साधु और 15 साधवियां शामिल हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए जम्मू से मैं जगमोहन शर्मा।

———————————————————————

उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाले राजेन्द्र सेतु पर निर्माण कार्य के कारण आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक सभी तरह के वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

———————————————————————————

केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के कुलपति डॉक्टर पी.एस. पाण्डेय ने जलवायु अनुकूल कृषि पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु में हो रहे बदलाव से निपटने के लिए वैज्ञानिकों को किसानों के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

———————————————————————————

नवादा के उप विकास आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ने रजौली प्रखंड के पश्चिमी अमावा पंचायत में जीविका भवन का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने कहा कि जिले के पहले जीविका भवन से जीविका दीदियों को कार्य संचालन में सुविधा होगी।

———————————————————————————

बेगूसराय स्थित एनटीपीसी लिमिटेड के बरौनी थर्मल पावर स्टेशन के फेज –टू को विद्युत उत्पादन श्रेणी में गोल्डन पीकॉक अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर के जिला स्कूल परिसर में समावेशी शिक्षा के तहत जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने एक सौ पैंतालीस दिव्यांग छात्र–छात्राओं के बीच ट्राई साईकिल सहित अन्य सहायक उपकरण का वितरण किया।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुरू किये गये देशव्यापी अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत पर्यावरण और वन मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने पटना, स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान में पौधारोपण किया।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण की बगहा पुलिस ने रामनगर में व्यवसाईयों और शिक्षक से बीस लाख रूपये की रंगादारी के मामले में चार अपराधारियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने मोटरसाईकिल चोर गिरोह के चार सदस्यों को चोरी की छह मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. नीट मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित। राज्यसभा में भी जारी रहा गतिरोध।

02. केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा– नीट पेपर लीक मामले में दोषियों के खिलाफ सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी।

03. बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यापक नियुक्ति के तीसरे चरण की परीक्षा उन्नीस से बाईस जुलाई के बीच आयोजित की जायेगी।

04. और, मॉनसून की सक्रियता से राज्य के अधिकांश हिस्सों में हो रही है बारिश। अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।